कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/मा–स/22432/उत्सव/2017–18/350 दिनांक : 20/09/2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
स्कूल शिक्षा

विषय :–	राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वें जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में 2 अक्टूबर 2018 से 2 अक्टूबर 2010 तक गतिविधियों व कार्यक्रमों के आयोजन के क्रम में ।
प्रसंगः–	शासन का पत्र प.24(10)/शिक्षा–6/2018 दिनांक 19.09.2019

विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वें जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में 2 अक्टूबर, 2018 से 2 अक्टूबर, 2010 तक गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस क्रम में 23 सितम्बर, 2019 से 2 अक्टूबर, 2019 तक प्रदेश के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में गांधी जी के विचारों एवं मूल्यों का पोषण करने वाले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम एवं गतिविधियां अनिवार्यतः सभी विद्यालयों में व्यापक पैमाने पर किये जाए ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों एवं सिद्धान्तों कर गहन पोषण हो सके।

दिनांक 23 सितम्बर, 2019 से प्रारम्भ कार्यक्रमों के समापन दिनांक 02.10.2019 के अवसर पर गांधी जी की 150 वी जयन्ती प्रदेश के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय जन समुदाय की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समारोह पूर्वक मनाई जावे। स्थानीय जन समुदाय, एसडीएमसी, एसएमसी, पूर्व विद्यार्थियों को इस हेतु समय रहते आमन्त्रित किया जावे। इस अवसर पर सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में न्यूनतम 3 घंटे (प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के मध्य) की समयावधि में निम्नांकित गतिविधियां कार्यक्रम आयोजित कराई जावेः–

क्र.स	आयोज्य कार्यक्रम / गतिविधि का विवरण	अनुमानित समयावधि
1	सर्वधर्म प्रार्थना सभा	30 मिनिट
2	गांधी जी के व्यक्तित्व वं कृतित्व पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम	30 मिनिट
3	गांधी जी के विचारों एवं मूल्यों पर आधारित एकांकी / नाटक /भाषण /सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि	30 मिनिट
4	पुरस्कार वितरण कार्यक्रम	30 मिनिट
5	''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्लास्टिक कचरा संग्रहण हेतु श्रम दान (कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के आस पास के क्षेत्र में)	60 मिनट
6	ब्लॉक / तहसील मुख्यालय के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गांधी जी व्यक्तित्व एवं दर्शन पर प्रदर्शनी का आयोजन	सम्पूर्ण दिवस के लिये

उक्त गतिविधियों में राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में अभिभावकों के साथ–साथ स्वतंन्त्रता सैनानियों, जनप्रतिनिधियों , एसडीएमसी सदस्यों, गणमान्य नागरिकों को आवश्यक रूप से आमन्त्रित किया जावे।

विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट जिला स्तर पर संकलित कर मय फोटोग्राफ्स आयोजन के आगामी दिवस को राज्य परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा को भेजते हुए इस कार्यालय की ई–मेल आईडी – secondarydd35@gmail.com पर भिजवाना सुनिश्चित कराऐंगे। उक्त के अतिरिक्त कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिला एवं राज्य स्तर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वें जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विभाग का अपेक्षित सहयोग एवं भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
2. परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा परिषद, जयपुर
3. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
4. संयुक्त शासन सचिव– शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रसांगिक पत्र के क्रम में।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रभारी प्रबोधन एवं कार्यक्रम उपरांत रिपोर्ट प्रेषण हेतु
6. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ।
7. समस्त जिला प्रभारी कार्यालय हाजा को भेजे कर निर्देशित किया जाता है कि वे संबंधित जिलों से समन्वय कर कार्यक्रम आयोजन तथा तद्परांत रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ्स संलग्न हेतु दायित्ववद्ध रहेंगे।
8. समस्त संस्था प्रधान– राउमावि / रावाउमावि / रामावि / राबामावि।
9. सिस्टम एनालिस्ट कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु
10. रक्षित पत्रावली

निदेशक, माध्यंमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर